मैया ओ शेरावाली,
ऊँचे पहाड़ा वाली,
विनती सुनो हमारी,
आए शरण तुम्हारी,
विनती सुनो हमारी,
आए शरण तुम्हारी।।

तर्ज दिल में तुझे बिठा के।

तेरे पावन चरणों में माँ,
अपना शीश झुकाए,
तेरी महिमा गा गा कर माँ,
तुमको आज मनाए,
कब तेरा माँ दर्शन पाए,
सोया भाग जगाए,
भर दो माँ झोली खाली,
ऊँचे पहाड़ा वाली,
विनती सुनो हमारी,
आए शरण तुम्हारी,
विनती सुनो हमारी,
आए शरण तुम्हारी।।

कबसे तेरी चौखट पे माँ,
आस लगाए खड़े है,
तेरे दर्शन करने को माँ,

शरण तुम्हारी पड़े है,
अब तो आओ दर्श दिखाओ,
अब ना देर लगाओ,
जयकारा तेरा गाए,
मैया तुम्हे बुलाए,
ऊँचे पहाड़ा वाली,
विनती सुनो हमारी,
आए शरण तुम्हारी,
विनती सुनो हमारी,
आए शरण तुम्हारी।।

माँ बेटे का रिश्ता ऐसा,
दीपक बाती जैसा,
विपदा सारी मिटाए मैया,
दु:ख चाहे हो कैसा,
जो भी ध्यावे दर्शन पावे,
सुख और आनंद पावे,
मंदिर तेरा सुहाना,
नित रोज हमको आना,
ऊँचे पहाड़ा वाली,
विनती सुनो हमारी,
आए शरण तुम्हारी,
विनती सुनो हमारी,
आए शरण तुम्हारी।।

चम चम करती चुनर तेरी,
रंग रंगीली लाए,
कंगन चूड़ी पहनाकर माँ,

कुमकुम मेहंदी लगाए,
मीठा मीठा भोग लगाए,
तुमको खूब मनाए,
अंगना सजाए मैया,
तुमको बुलाए मैया,
ऊँचे पहाड़ा वाली,
विनती सुनो हमारी,
आए शरण तुम्हारी,
विनती सुनो हमारी,
आए शरण तुम्हारी।।

मैया ओ शेरावाली,
ऊँचे पहाड़ा वाली,
विनती सुनो हमारी,
आए शरण तुम्हारी,
विनती सुनो हमारी,
आए शरण तुम्हारी।।

स्वर मुकेश बागड़ा जी।

Source: https://www.bharattemples.com/maiya-o-sherawali-unche-pahado-wali/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw